● गृह मंत्री ने लखनऊ में भाजपा सदस्यता अभियान का आगाज किया ● कहा- मंशा से काम किया तो 350 सीटें जीतेंगे

अमित शाह बुजुर्ग नेताओं से मिलकर भावुक हुए

मिशन-2022

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

मिशन-2022 उत्तर प्रदेश की तैयारियों को आगे बढ़ाने लखनऊ पहुंचे भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य में चुनाव लड़ने व लड़ाने का अनुभव रखने वाले वरिष्ठ भाजपा नेताओं से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान वह कई पुराने विधायकों-सांसदों को देखकर भावुक हो गए। उन्होंने सबसे बुजुर्ग विधायक के पास पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया।

संवाद के बीच मूल बात पर आते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग भावनात्मक रूप से पार्टी को अपना मानते हुए काम करें। नेतृत्व द्वारा चुनाव लड़ने या लड़ाने की जो भी जिम्मेदारी मिले उसे पूरी तरह निभाएं। सही मंशा से सबने काम किया तो इस बार यूपी में 350 से भी अधिक सीटें जीतेंगे।

उन्होंने कहा कि आप लोगों के जुटने के बिना 300 पार जाने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा। डटकर काम करना है। किसी भी सूरत में पार्टी की अधिक से अधिक सीटें निकालनी हैं। उन्होंने पार्टी के इन वरिष्ठ नेताओं से अपील की कि एक-एक कार्यकर्ता को चुनाव में एक्टिव कर दें। किसकी क्या जिम्मेदारी होगी यह जल्द तय हो जाएगा।

पहले से तैयार सूची में शामिल नेता ही जा सके अंदरः इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस बैठक में भाजपा के पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, लोकसभा के प्रभारी और संयोजकों को बुलाया गया था। बैठक की गोपनीयता में कोई खलल ना पड़े इसका पूरा इंतजाम किया गया था। हाल में सिर्फ उसी को प्रवेश दिया गया जिसका नाम पहले से तैयार सूची में था। रजिस्ट्रेशन और सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया।

हमारी सरकारें गरीब-गुरबों के लिए शाह ने कहा कि लोकतंत्र में सरकारें किसी एक परिवार के लिए नहीं होती। हमारी सरकारें सूबे के गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए होती हैं। मैं सपा के नेताओं को कहना चाहता हूं कि आप हमसे हिसाब मांगिये, हम अपने पांच साल के पल-पल का हिसाब यूपी की जनता को देने के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा, बसपा और कांग्रेस ने शासन या तो स्वयं के लिए या अपने परिवार के लिए या फिर किसी ख़ास जाति के लिए किया है।

उन्होंने कहा कि मुगलों के शासन काल से वर्ष 2017 में प्रदेश में भाजपा की सरकार आने तक प्रदेश की जनता को अहसास ही नहीं था कि यह बाबा विश्वनाथ, भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण और गौतम बुद्ध की धरा है, यह महान तपस्वियों, ऋषि मुनियों और महान स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश को अलग पहचान दी है।



लखनऊ में शुक्रवार को 'मेरा परिवार भाजपा परिवार' अभियान के शुभारंभ के दौरान गृह मंत्री अमित शाह और योगी आदित्यनाथ।

भाजपा ने जो कहा वो कर दिखाया:योगी आदित्यनाथ

लखनऊ | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भाजपा के सदस्यता अभियान के शुरुआत के मौके पर कहा कि इस देश में गांव, गरीब, नौजवानों, महिलाओं, कमजोर तबके के लोगों की उपेक्षा होती थी। मगर 2014 में देश ने एक अंगड़ाई ली थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में एक नई राष्ट्रीय चेतना का जागरण हुआ था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा, वो करके दिखाया।

उन्होंने कहा कि 500 साल पुराने कलंक को लेकर जो टीस थी, उसे खत्म करके अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण की नींव रखने का जो महत्वपूर्ण काम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुआ, उसमें गृहमंत्री शाह की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका थी।

शाह की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के प्रभारी के रूप में उन्होंने प्रदेश के गांव-गांव, घर-घर और हर जिले में जाकर प्रदेश के कार्यकर्ताओं को जोड़कर केंद्र में भाजपा सरकार बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शाह शाम करीब चार बजे इस कार्यक्रम में पहुंचे। मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पटका पहनाकर तथा सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा ने फुलों का गुलदस्ता (बुके) देकर शाह का स्वागत किया।

सपा, बसपा कांग्रेस परिवारवादी पार्टियां

शाह ने कहा कि आपने सपा-बसपा का शासन भी देखा है। अब योगी सरकार को भी देखा। सपा, बसपा, कांग्रेस परिवारवादी पार्टी हैं। यह सबका कल्याण नहीं कर सकती। भाजपा ही मोदी और योगी के नेतृत्व में यूपी के 22 करोड़ लोगों का विकास कर सकती है। कहा कि पहले यूपी के प्रभारी और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते मैंने ही वर्ष 2014, 2017 और 2019 में प्रदेश की जनता के सामने झोली फैलाई थी। लोगों ने बहुत प्यार दिया। मोदीजी को दो बार प्रधानमंत्री बनाने में यूपी का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने जाति के आधार पर काम नहीं किया है। हमने पिछले तीन चुनाव देखे हैं। उत्तर प्रदेश में हर बार सदस्यता अभियान चलाया। इस बार भी शुरू किया जा रहा है।

अभियान से होगी जीत की शुरुआत

शाह ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में योगी ने जिस तरह से प्रदेश के विकास व गरीब, दलित, पिछड़े, महिला, आदिवासियों के कल्याण के लिए काम किया है, वह अभूतपूर्व है। इस परिवर्तन की शुरुआत 2014 में हुई थी, तब मैं प्रदेश भाजपा प्रभारी था। 2017 में जब प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार बनी तो उस वक्त मैं भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष था।

35 मिनट के भाषण में करीब 17 बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिया शाह ने

2017 में जब योगी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा सरकार बनी, तब यूपी अर्थव्यवस्था में देश में सातवें स्थान पर थी, आज यह दूसरे स्थान पर है।
– अमित शाह

एनजीओ नहीं बनाते भाजपा का घोषणापत्र

भाजपा का घोषणापत्र कोई सर्वे एजेंसी या एनजीओ नहीं बनाती बल्कि हम जनता के सुझावों को संकलित कर घोषणापत्र बनाते हैं। 2017 में यूपी के घोषणापत्र का विमोचन मैंने ही किया था। घोषणापत्र के 90% से अधिक वादों को योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने पूरा कर दिया है।

कोरोना प्रबंधन में पेश की यूपी ने मिसाल

शाह ने कहा कि जब देश में कोरोना ने दस्तक दी तो सबसे अधिक चिंता उत्तर प्रदेश को लेकर थी कि 22 करोड़ जनसंख्या वाला यह प्रदेश कोरोना को कैसे परास्त कर पाएगा। योगीजी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जिस तरह से प्रदेश में कोरोना प्रबंधन किया और मृत्यु दर पर अंकुश लगाया, वह अभूतपूर्व था।

वीआईपी लाउंज में 22 मिनट का मंथन

शुक्रवार को लखनऊ एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद गृहमंत्री गाड़ी में बैठने की बजाय वीआईपी हैंगर के लाउंज की ओर बढ़ गए। यहां योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, प्रदेश प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, अनुराग ठाकुर भी लाउंज में पहुंचे। यहां करीब 22 मिनट तक चर्चा चली।

जरूरत पड़ी तो सीमा पार भी कार्रवाई करेंगे : राजनाथ

नई दिल्ली | एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट रूप से कह दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई न सिर्फ सीमा के इस ओर की जाएगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर उस ओर भी की जाएगी।

राजनाथ ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, लोग कहा करते थे कि यदि अनुच्छेद 370 हट जाएगा, तो पूरा कश्मीर धधक उठेगा, कुल मिलाकर जम्मू-कश्मीर कुछ घटनाओं को छोड़ कर शांतिपूर्ण है। जम्मू क्षेत्र के राजौरी और पुंछ जिलों में इस साल जून से घुसपैठ की कोशिशों में वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप अलग-अलग मुठभेड़ में नौ आतंकवादी मारे गए। सिंह ने कहा, यह सच है कि हमारी शत्रु ताकतें बेचैन हैं। मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के हौसले पस्त हो गए हैं। भारतीय सेना जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों पुंछ और राजौरी में छिपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए 11 अक्तूबर से व्यापक तलाशी अभियान चला रही है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाक काफी कोशिश करने के बावजूद कश्मीर मुद्दे पर कोई समर्थन हासिल नहीं कर पाया। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंक के खिलाफ भारत के रुख को नये सिरे से गढ़ा और परिभाषित किया है। पहले आतंकवादी हमले होती थी तब पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने या न खेलने की बात हुआ करती थी। अब मैच खेलने या नहीं खेलने के बारे में बात नहीं करते।



प्रधानमंत्री मोदी को '24 कैरेट का सोना' बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को '24 कैरेट का सोना' बताते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि वह महात्मा गांधी के बाद शायद एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्हें भारतीय समाज और इसके मनोविज्ञान की गहरी समझ है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सिंह ने कहा कि सरकार के प्रमुख के तौर पर उनके पिछले दो दशकों के राजनीतिक सफर को प्रबंधन स्कूलों में 'प्रभावी नेतृत्व और कुशल शासन' पर एक केस स्टडी के तौर पर पढ़ाया जाना चाहिए।

पहली बार व्यवस्था को बदलने की कोशिश

मोदी सरकार जो व्यवस्थित बदलाव लाने की कोशिश कर रही है, उसका जिक्र करते हुए सिंह ने कहा, इस देश में सरकार कई बार बदली है, लेकिन पहली बार व्यवस्था को बदलने की कोशिश की जा रही है। आप इस प्रयास में कमियां पा सकते हैं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की मंशा पर शक नहीं किया जा सकता है।

गांधी, दीनदयाल अब मोदी

आत्मनिर्भर भारत के सरकार के एजेंडे पर कहा कि सौ साल पहले महात्मा गांधी ने स्वदेशी के बारे में बात की थी और उनके बाद दीनदयाल उपाध्याय ने इसके बारे में बात की थी। अब प्रधानमंत्री मोदी स्वदेशी 4.0 को नए संदर्भ के साथ लाए हैं।

निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता

मोदी के साथ अपने लंबे जुड़ाव पर राजनाथ ने कहा कि मोदी की निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता और उनकी कल्पना शक्ति ने उन्हें सबसे अधिक प्रभावित किया। मालूम हो कि मोदी 2001 से 2014 में प्रधानमंत्री बनने तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

'निजी क्षेत्र कौशल पर और ध्यान दें'

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि निजी क्षेत्र को भारत की अर्थव्यवस्था के भविष्य का पूर्वानुमान लगाने के लिए एक चेतावनी प्रणाली की तरह काम करना चाहिए। उन्होंने साथ ही कहा कि निजी क्षेत्र को न केवल एक प्रशिक्षण भागीदार के रूप में काम करना चाहिए, बल्कि भविष्य के संबंध में वित्तीय और रोजगार हितधारक के रूप में भी मजबूत भागीदारी करनी चाहिए। ताकि प्रतिस्पर्धा और कौशल दोनों में बढ़ोत्तरी हो सके।

चंद्रशेखर के मुताबिक, उद्योग को अगले एक से तीन साल में आवश्यक कौशल का पूर्वानुमान लगाना चाहिए और कौशल भागीदारों और सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। **(वि.सं.)**

मंदिर के लिए चंदा जुटाने वालों को साथ लाएगा संघ

तैयारी

धारवाड़ (कर्नाटक) | एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अयोध्या में राम मंदिर के लिए चंदा जुटाने के अभियान में शामिल हुए स्वयंसेवकों को स्थाई सदस्यता देने पर विचार कर रहा है। देश में अपना आधार बढ़ाने से संबंधित संघ की इस योजना की जानकारी शुक्रवार को संघ के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दी।

संघ ने पर्यावरण, पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने और विभिन्न समुदायों और धर्मों के बीच समाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देने पर भी जोर देने का फैसला किया है। कर्नाटक के धारवाड़ में चल रही अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक में जिन बिंदुओं पर चर्चा हुई है, उसकी जानकारी देते हुए संघ के संयुक्त महासचिव अरुण कुमार ने कहा कि अधिकतर परिवारों तक पहुंचने पर ध्यान केंद्रित करते हुए संघ, श्री राम जन्मभूमि न्यास के चंदा एकत्र करने के अभियान से जुड़ा था। कुमार ने कहा, धन एकत्रित करना हमारा उद्देश्य नहीं था क्योंकि राममंदिर न्यास के पास पहले ही वह है। हमारा लक्ष्य अधिकतर लोगों तक पहुंचना था। जो राम मंदिर के लिए योगदान देना चाहते थे। उन्होंने बताया कि इस साल 14 जनवरी को मकर संक्रांति को शुरू हुए एक महीने के अभियान में संघ और अन्य स्वयंसेवक देश के अनुमानित 6.5 लाख गांवों में से 5.34 लाख गांवों तक पहुंचे। इसके अलावा वे प्रत्येक शहरी इलाके में पहुंचे। संघ पदाधिकारी ने बताया कि संघ अन्य व्यक्तियों की मदद से करीब 12.73 करोड़ परिवारों तक पहुंचा और इस अभियान में संघ के स्वयंसेवकों के अलावा 25 से 30 लाख अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। कुमार ने बताया कि संघ के निर्णय लेने वाले सर्वोच्च निकाय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में मार्च में चंदा एकत्र करने के अभियान में शामिल लोगों को संगठन का हिस्सा बनाने को लेकर चर्चा हुई थी।

हिंदुओं पर हमला सुनियोजित साजिश

संघ ने कहा कि बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के दौरान हिंदुओं पर हुए हमले अल्पसंख्यकों को बेदखल करने की सुनियोजित साजिश थी। संघ ने भारत सरकार से अपील की है कि वह अपने पड़ोसी देश को वैश्विक स्तर पर हिंदुओं की चिंता से अवगत कराए व सुनिश्चित करे कि ढाका में अल्पसंख्यकों पर हमले बंद हों। सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी समिति की बैठक में कहा संघ की मांग है कि बांग्लादेश को हमलों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

लोकसभा की तीन सीटों के लिए आज उपचुनाव

नई दिल्ली। देश में दादरा व नगर हवेली सहित लोकसभा की तीन और 13 राज्यों में फैली विधानसभा की 29 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए शनिवार को मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया के दौरान पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम के साथ ही कोरोना से बचाव के लिए उपाय भी सुनिश्चित किए गए हैं। अधिकतर सीटों पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच होना है। दादरा व नगर हवेली, हिमाचल प्रदेश के मंडी और मध्य प्रदेश के खंडवा में लोकसभा सीटों पर उपचुनाव होगा। वहीं, जिन 29 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होगा, उनमें असम में पांच, पश्चिम बंगाल में चार, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश तथा मेघालय में तीन-तीन, बिहार, राजस्थान और कर्नाटक में दो-दो जबकि आंध्र प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, मिजोरम तथा तेलंगाना की एक-एक सीट शामिल है। मतगणना दो नवंबर को होगी। नगालैंड की शमातोर-चेसोर विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव की घोषणा की गई थी। लोकसभा की तीन सीटों पर सदस्यों के निधन के चलते उपचुनाव हो रहे हैं।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : L74140DL1991PLC046369
पंजीकृत कार्यालय : ८०६, सिद्धार्थ, ६६, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-११००१९
कार्पोरेट कार्यालय : प्लाट नं. ३ए, सेक्टर १२६, नोएडा-२०१ ३०४, उ.प्र., भारत
वेबसाइटः www.hcltech.com, ई-मेल आईडी : Investors@hcl.com
टेलीफोनः +९१ ११ २६४३६३३६

सूचना

एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड (''**कम्पनी**'') के सदस्यों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, अगर कोई हो, (''**अधिनियम**''), कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 एवं 22 (''**नियम**'') और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 (''**सेबी सूचीबद्धता विनियमों**''), साथ में पठित कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 सामान्य परिपत्र सं. 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, सामान्य परिपत्र सं. 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर, 2020, सामान्य परिपत्र सं. 39/2020 दिनांक दिसम्बर 31, 2020 एवं सामान्य परिपत्र सं. 10/2021 दिनांक जून 23, 2021, सामान्य परिपत्र (''सामूहिकतौर पर **एमसीए परिपत्रों**''), और सभी अन्य लागू कानूनों और विनियमों (उनके कोई वैधानिक परिवर्त(नों) या उस समय लागू उसका पुनः अधिनियम) के अनुपालन और अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि डाक मतपत्र सूचना दिनांकित **अक्तूबर 27, 2021** (''**डाक मतपत्र सूचना**'') में निर्धारित किए गए अनुसार निम्नांकित विशेष व्यवसाय को केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया (''**रिमोट ई-मतदान**'') के माध्यम से सदस्यों द्वारा सम्पादित करने का प्रस्ताव है :

1. **सदस्यों के विशेष संकल्प के माध्यम से 'एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड – रेस्ट्रिक्टिड स्टॉक यूनिट प्लैन 2021' की स्वीकृति और उसके तहत एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड (''कंपनी'') के पात्र कर्मचारियों को प्रतिबंधित स्टॉक इकाइयों का अनुदान।**
2. **सदस्यों के विशेष संकल्प के माध्यम से 'एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड – रेस्ट्रिक्टिड स्टॉक यूनिट प्लैन 2021' के तहत एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड (''कंपनी'') की सहायक कंपनियों और/या एसोसिएट कंपनी(यों) के पात्र कर्मचारियों को प्रतिबंधित स्टॉक इकाइयों का अनुदान।**
3. **सदस्यों के विशेष संकल्प के माध्यम से एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड (''कंपनी'') के इक्विटी शेयरों के द्वितीयक अधिग्रहण के लिए एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ स्टॉक ऑप्शंस ट्रस्ट द्वारा 'एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड – रेस्ट्रिक्टिड स्टॉक यूनिट प्लैन 2021' के कार्यान्वयन और इस संबंध में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्राधिकृति ।**

एमसीए परिपत्रों के अनुसरण में, कम्पनी ने **शुक्रवार, अक्तूबर 22, 2021** (''**कट-ऑफ तिथि**'') को व्यवसाय समय बंद होने तक कम्पनी के उन सदस्यों को जिन सदस्यों के नाम सदस्यों के रजिस्टर या कम्पनी/डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों की सूची क्रमशः में दर्ज हैं और जिनके ईमेल पते कम्पनी/डिपॉजिटरी के यहां पंजीकृत हैं उन्हें शुक्रवार, अक्तूबर 29, 2021 को केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा डाक मतपत्र सूचना प्रेषित कर दी है। डाक मतपत्र सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.hcltech.com पर, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड ('**बीएसई**') एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('**एनएसआई**') की वेबसाइटों क्रमशः www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर, और नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('**एनएसडीएल**') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

जिन सदस्यों के नाम कट-ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज हैं वे डाक मतपत्र सूचना में बताए गए अनुसार प्रस्ताव पर मत डालने हेतु योग्य हैं। सदस्यों का मताधिकार कट-ऑफ तिथि को उनके द्वारा धारित प्रदत्त इक्विटी शेयरों के समानुपात में गिना जाएगा। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं हैं, वे डाक मतपत्र सूचना को केवल जानकारी के रूप में लें।

एमसीए परिपत्रों के अनुसार, कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा संकल्पों पर मतदान करने की सुविधा प्रदान की है और इस उद्देश्य के लिए कंपनी ने एनएसडीएल के साथ एक समझौता किया है।

रिमोट ई-वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया और अनुदेश डाक मतपत्र सूचना में वर्णित किए गए है।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे नोट करें कि रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मत डालने की सुविधा निम्नांकित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी:

रिमोट ई-मतदान की शुरुआतः शनिवार, अक्तूबर 30, 2021 को पूर्वा. 09:00 बजे (भा.मा.सं.)

रिमोट ई-मतदान की समाप्तिः रविवार, नवम्बर 28, 2021 सायं 05:00 बजे (भा.मा.सं.)

(उपरोक्त मतदान अवधि के समाप्त हो जाने पर एनएसडीएल द्वारा मतदान के लिए रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा निर्योग्य कर दी जाएगी।)

मेसर्स नित्यानंद सिंह एण्ड कंपनी, अभ्यासरत कंपनी सचिव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से डाक मतपत्र के संचालन हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्ति किया गया है।

जिन सदस्यों ने अपने ई-मेल पते का पंजीकरण नहीं कराया है, वे इस सूचना को प्राप्त करने के लिए, लिंकः https://web.linkintime.co.in/EmailReg/Email_Register.html पर पहुंच कर अस्थायी रूप से पंजीकरण और वहां बताए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजीकरण पूरा कर सकते हैं। ई-मेल पते के स्थायी पंजीकरण के लिए, सदस्यों से निवेदन है कि वे इसे डिपॉजिटरी के यहां इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों से संबंध में डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के माध्यम से और भौतिक रूप से धारित शेयरों के संबंध में, कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि., यूनिट- एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड, सी – 101, 247 पार्क, एल.बी.एस. मार्ग, विखरोली (वेस्ट), मुम्बई-400083 को लिखित में या rnt.helpdesk@linkintime.co.in पर ई-मेल भेजकर पंजीकरण करवाएं।

डाक मतपत्र के परिणामों को मंगलवार, नवम्बर 30, 2021 को या उससे पहले घोषित किए जाएगा और उसी के साथ ही कंपनी के पंजीकृत कार्यालय तथा उसके मुख्य व्यावसायिक कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित किए जाएगा। परिणामों को कंपनी की वेबसाइट, एनएसडीएल की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा और एनएसई और बीएसई को भी सूचित किया जाएगा।

ई-मतदान प्रक्रिया से सम्बन्धित किसी भी पूछताछ हेतु, सदस्य के डाउनलोड अनुभाग www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेस्चन्स (''एमएक्यू'') और शेयरधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैन्युअल देखें अथवा टॉल फ्री नं. 1800-1020-990 या 1800-224-430 पर कॉल करें या अपना निवेदन evoting@nsdl.co.in पर भेजें। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान से जुड़ी शिकायतों का समाधान हेतु, कृपया सम्पर्क करें सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक या सुश्री सोनी सिंह, सहायक प्रबंधक, नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड 'ए' विंग, चतुर्थ तल, कमाला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापत मार्ग, लोअर परेल मुंबई-400013 से निर्दिष्ट ई-मेल आईडी – evoting@nsdl.co.in.

कृते एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड

दिनांक : अक्तूबर 29, 2021
स्थान : नई दिल्ली

मनीष आनन्द
कम्पनी सचिव

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट नं.-1, नॉलेज पार्क-IV, ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर – 201308, उ0प्र0
वेबसाइट : www.greaternoidaauthority.in, ई-मेल : authority@gnida.in

पत्रांक : जी0एम0/(अभियन्त्रण)/2021/302ए दिनांक : 28/10/2021

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण) ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा की आरे से ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- जी0एम0/(अभियन्त्रण)/2021/302, दिनांक 28/10/2021 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या-01 से 34 पर अंकित कार्य की ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। समस्त नियम व शर्तें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.greaternoidaauthority.in पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइटे देखते रहें।

क्र.सं.	कार्य का नाम/वर्क सर्किल	अनुमानित लागत
1.	ग्राम सादुल्लापुर में सी.सी. रोड (संदीप टैन्ट हाउस से देवीराम शर्मा मकान तक) को ऊँचा उठाने का कार्य। (वर्क सर्किल-2)	रू0 6.76 लाख
2.	ग्राम गुलिसतानपुर में सी.सी. रोड एवं इण्टरलॉकिंग टाईल्स का कार्य। (वर्क सर्किल-5)	रू0 13.10 लाख
3.	ग्राम खेड़ा धर्मपुरा (माजरा छपरौला) में जी.टी. रोड से भगीरथ के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स का कार्य। (वर्क सर्किल-1)	रू0 34.54 लाख
4.	सैक्टर-16 सी का 3 वर्ष तक अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल-1)	रू0 42.63 लाख
5.	सैक्टर पाई-4 का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 56.06 लाख
6.	सैक्टर पी-3 का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 59.91 लाख
7.	स्पोर्ट कॉम्पलेक्स सैक्टर-37 में टेम्परेरी रेसलिंग कोर्ट का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-5)	रू0 61.23 लाख
8.	सैक्टर-16 बी का 3 वर्ष तक अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल-1)	रू0 77.78 लाख
9.	सैक्टर चाई-3 का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 105.77 लाख
10.	सैक्टर चाई-5 का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 107.35 लाख
11.	सैक्टर बिल्डर्स एरिया में पॉकेट-4 एवं 45 मी0 चौड़ी रोड़ (ए-1 रोड) का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 107.59 लाख
12.	सैक्टर चाई-4 का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 128.45 लाख
13.	सैक्टर के.पी.-1 एवं तुगलपुर का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 128.74 लाख
14.	सैक्टर बिल्डर्स एरिया में पॉकेट-5 एवं 45 मी0 चौड़ी रोड़ (ए-2 एवं आर-3) का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 145.23 लाख
15.	ग्राम गिरधरपुर में बारातघर में इण्टरलॉकिंग टाईल्स, ड्रेन, बाउन्ड्रीवॉल एवं रिपेरिंग एवं पेन्टिंग का कार्य। (वर्क सर्किल-8)	रू0 154.83 लाख
16.	सैक्टर लैमड़ा रोटरी से 105 मी0 चौड़ी रोड़ से एस.के. रोड़ का 3 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 156.47 लाख
17.	ग्राम इमलियाका से दनकौर लिंक रोड़ वाया अमरपुर आबादी एरिया में रोड़ के साथ आर.सी.सी. ड्रेन, दोनों तरफ 1 मी0 के खडंजे एव इण्टरलॉकिंग टाईल्स का कार्य। (वर्क सर्किल-8)	रू0 165.82 लाख
18.	सैक्टर ईकोटेक-2 (माइक्रो एस.टी. साइड) में 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 178.41 लाख
19.	गौड़ रोटरी से तिगरी रोटरी तक 60 मी0 चौड़ी रोड का 3 वर्ष तक अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-1)	रू0 181.55 लाख
20.	चार लेन का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 187.32 लाख
21.	सैक्टर के.पी.-2 का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 197.15 लाख
22.	सैक्टर-10 का 3 वर्ष तक अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल-2)	रू0 198.41 लाख
23.	सैक्टर बिल्डर्स एरिया में (पॉकेट-2 एवं पॉकेट-3) का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 207.01 लाख
24.	ग्राम घंघोला में आबादी भूखण्डों का विकास कार्य। (पार्ट-2) (वर्क सर्किल-8)	रू0 221.46 लाख
25.	ग्राम इमलियाका से बिलासपुर-दनकौर लिंक रोड़ वाया दलेलगढ की रोड़ का पैच रिपेयर एवं रिसरफेसिंग, 1 मी0 चौड़ा खडंजा एवं आर0सी0सी0 ड्रेन (आबादी एरिया) का कार्य। (वर्क सर्किल-8)	रू0 252.27 लाख
26.	सैक्टर चाई-पाई में 60 मी0, 80 मी0 एवं 45 मी0 का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 224.54 लाख
27.	सैक्टर बी.जेड.पी. एरिया का 3 वर्ष का अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-4)	रू0 249.05 लाख
28.	स्वर्ण नगरी रोटरी से एल.जी. रोट